जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर
दिनांक : 05.06.2025

प्रेस विज्ञप्ति
(सं. 2025–26 / 152)

# करणीमाता के श्रृद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा हेतु 04 जोडी रेलसेवाए देशनोक स्टेशन पर करेगी ठहराव

यात्रियों की सुविधा एवं करणीमाता के श्रृद्धालुओं हेतु उत्तर पश्चिम रेलवे के देशनोक स्टेशन पर 04 जोडी रेलसेवाओं का प्रायोगिक आधार पर आगामी आदेशों तक ठहराव दिया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार–

1 **गाडी संख्या 22463 / 22464, दिल्ली सराय रोहिल्ला – बीकानेर – दिल्ली सराय रोहिल्ला ( द्वि–साप्ताहिक) राजस्थान संपर्क क्रांति सुपरफास्ट रेलसेवा**

गाडी संख्या 22463, दिल्ली सराय रोहिल्ला – बीकानेर सुपरफास्ट रेलसेवा जो दिनांक 13. 06.25 से दिल्ली सराय रोहिल्ला से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा देशनोक स्टेशन पर 06.56 बजे आगमन एवं 06.58 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 22464, बीकानेर– दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट रेलसेवा जो दिनांक 10.06.25 से बीकानेर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा देशनोक स्टेशन पर 18.34 बजे आगमन एवं 18.36 बजे प्रस्थान करेगी।

2 **गाडी संख्या 22737 / 22738, सिकंदराबाद– हिसार– सिकंदराबाद ( द्वि–साप्ताहिक) सुपरफास्ट रेलसेवा**

गाडी संख्या 22737, सिकंदराबाद– हिसार सुपरफास्ट रेलसेवा जो दिनांक 10.06.25 से सिकंदराबाद से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा देशनोक स्टेशन पर 11.42 बजे आगमन एवं 11.44 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 22738, हिसार– सिकंदराबाद रेलसेवा जो दिनांक 13.06.25 से हिसार से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा देशनोक स्टेशन पर 19.52 बजे आगमन एवं 19.54 बजे प्रस्थान करेगी।

3 **गाडी संख्या 19223 / 19224, साबरमती–जम्मूतवी–साबरमती (प्रतिदिन) एक्सप्रेस रेलसेवा**

गाडी संख्या 19223, साबरमती–जम्मूतवी एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 09.06.25 से साबरमती से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा देशनोक स्टेशन पर 22.34 बजे आगमन एवं 22. 36 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 19224, जम्मूतवी–साबरमती एक्सप्रेस

रेलसेवा जो दिनांक 09.06.25 से जम्मूतवी से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा देशनोक स्टेशन पर 01.00 बजे आगमन एवं 01.02 बजे प्रस्थान करेगी।

4 **गाडी संख्या 19225/19226, भगत की कोठी – जम्मूतवी – भगत की कोठी (प्रतिदिन) एक्सप्रेस रेलसेवा**

गाडी संख्या 19225, भगत की कोठी – जम्मूतवी एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 09.06.25 से भगत की कोठी से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा देशनोक स्टेशन पर 10.52 बजे आगमन एवं 10.54 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 19226, जम्मूतवी–भगत की कोठी एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 08.06.25 से जम्मूतवी से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा देशनोक स्टेशन पर 16.06 बजे आगमन एवं 16.08 बजे प्रस्थान करेगी।

वरि. जन सम्पर्क अधिकारी
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर